# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विष्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## हरेला पर्व पर पंतनगर विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

पंतनगर, 16 जुलाई 2025। उत्तराखंड के लोक पर्व 'हरेला' के उपलक्ष्य में पंतनगर विश्वविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विश्वविद्यालय फार्म द्वारा विकसित 'हरेला उद्यान' में मुख्य अतिथि कुमाऊं मंडल के आयुक्त श्री दीपक रावत, आई.ए.एस. द्वारा चंदन का पौधा रोपित कर की गई।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी श्री नितिन सिंह भदौरिया, आई.ए.एस, विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी किच्छा एवं रुद्रपुर, भारतीय स्टेट बैंक रुद्रपुर के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री संजीव कुमार एवं शाखा प्रबंधक श्रीमती रश्मि मित्तल सहित विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशकगण, मुख्य महाप्रबंधक (फार्म) डा. जयंत सिंह एवं संकाय सदस्यों की उपस्थिति रही। इस पर कुलपति डा. चौहान द्वारा सभी अतिथियों को कामिनी के पौधे स्मृति चिन्ह स्वरूप भेंट किए गए। कार्यक्रम के दौरान चंदन और अशोक के कुल 100 पौधे रोपित किए गए। 'हरेला उद्यान' में विश्वविद्यालय फार्म के मुख्य महाप्रबंधक डा. जयंत सिंह द्वारा अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया गया। फार्म के महाप्रबंधक डा. राजेश प्रताप सिंह एवं सहायक निदेशक अजय प्रभाकर द्वारा भी अतिथियों से पौधरोपण कराया गया। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक (शोध) डा. पी.के. सिंह सहित विश्वविद्यालय फार्म के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

इसके पश्चात मुख्य अतिथि श्री रावत एवं अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ–साथ अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. ए.एस. जीना, छात्रावास अभिरक्षक डा. राजीव रंजन एवं विद्यार्थियों ने भी शिवालिक भवन छात्रावास परिसर में पौध रोपण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय द्वारा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सराहनीय कार्य किया जा रहा है, जिसमें भारतीय स्टेट बैंक का सहयोग उल्लेखनीय है। उन्होंने सभी से अपील की कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने हेतु प्रतिवर्ष वृक्षारोपण किया जाना चाहिए। श्री रावत ने कहा कि उत्तराखंड एक हरित एवं पर्वतीय राज्य है, जो पर्यटकों को अपनी प्राकृतिक छटा से आकर्षित करता है। उन्होंने विद्यार्थियों से उत्तराखंड की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। साथ ही विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि वे अपने शोध कार्यों को पर्वतीय क्षेत्रों के किसानों तक पहुंचाएं ताकि उनका समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

कुलपति डा. चौहान ने कहा कि हरेला पर्व के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में हर वर्ष गणमान्य अतिथियों के सहयोग से 'हरेला उद्यान' में विविध प्रकार के फलदार पौधों का रोपण किया जा रहा है। आने वाले समय में यह उद्यान स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की दृष्टि से लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्टेट बैंक, पंतनगर द्वारा विश्वविद्यालय एवं सभी छात्रावास के परिसरों में रोपण हेतु 1000 पौधों (कटहल, आम, लीची आदि) की व्यवस्था की गई।



